नकली सरसों के तेल बनाने की सूचना मिर्जापुर में छापा , चार नमूने सील

हिन्दुस्तान टीम,शाहजहांपुर

Last updated: Wed, 13 May 2020 12:12 AM

नकली सरसों के तेल की बिक्री होने की शिकायतें मिलने पर मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने मिर्जापुर में छापा मार दिया। दो दुकानों से सरसों के तेल के तीन और लाल मिर्च का एक सैम्पल लेकर जांच को भेजा है। खाद्य विभाग की टीम के पहुंचने से बाजार में हड़कंप मच गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा ने मंगलवार को मिर्जापुर के गांव बहेरिया में छापेमारी की। जय बाला जी ट्रेडर्स पर टीम पहुंची और पड़ताल शुरू की। यहां से सरसों के तेल के दो नमूने लिए। उसके बाद मिर्जापुर में लाला राम गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी में एक खुले तेल का और एक लाल मिर्च पाउडर का सैम्पल सील किया। पुलिस के साथ अचानक टीम के बाजार पहुंचने पर हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने अपनी दुकानों को बंद कर दिया और कुछ देर में पूरी बाजार में सन्नाटा छा गया।रवि शर्मा ने बताया कि मिर्जापुर इलाके से लगातार नकली सरसों के तेल की बिक्री की सूचना आ रही थी। जिसके मद्देनजर कार्रवाई की गई। यह छापेमारी लगातार जारी रहेगी। कहीं पर नकली और मिलावटी चीजों को नहीं बिकने दिया जाएगा।टीम में जलालाबाद के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामजी शुक्ला, तिलहर के नरेंद्र शर्मा और रोजा क्षेत्र के महेश कुमार शामिल रहे।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/shahjahnpur/story-information-on-making-fake-mustard-oil-was-printed-in-mirzapur-four-samples-sealed-3210572.html